<table>
<tr><td>तारीख हुक्म</td><td>हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज

रामनिवास

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)

सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353819432092152</td><td>न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए</td></tr>
<tr><td>10/04/26</td><td>अपीलार्थी रामनिवास निवासी मंगल नगर, गुडा विश्नोईयान, लूणी द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 01.02.2026 जनसुनवाई दिनांक 18.07.2025 को प्रस्तुत परिवाद संख्या (G-35 क्र.स. 128) की आदिनांक तक की गई समस्त कार्यवाही के संपूर्ण पत्रावली की प्रमाणित प्रति से संबंधित दस्तावेज के संबंध में सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।

अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट 412 दिनांक 24.03.2026 द्वारा अवगत करवाया की अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना कार्यालय हाजा के पत्र दिनांक 05.03.2026 के द्वारा ऑनलाईन अपीलार्थी को उपलब्ध करवादी गई है। अपील निरस्त योग्य है।

अतः उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।

(आलोक रंजन)
जिला कलक्टर, जोधपुर</td><td></td></tr>
</table>

RajKaj Ref No.:
21541307
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Alok Ranjan
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.04.11 15:19:58 IST
Reason: Approved